

मध्यप्रदेश का सबसे तेज बढ़ता सांध्य दैनिक

# अमृत दर्शन

भोपाल, नर्मदापुरम एवं रायसेन से एक साथ प्रकाशित

RNI NO. 50259/90
वर्ष : 37
अंक : 72
भोपाल, बुधवार
29 अप्रैल 2026
पृष्ठ : 8 मूल्य : 1 रु.

www.amritdarshan.com
Email : amritdarshan@yahoo.com



03 छात्रवृत्ति 1550 से बढ़कर हुई 10 हजार प्रतिमाह

आईपीएल में आज होगा मुम्बई और हैदराबाद में मुकाबला 06




**सौजन्य भेंट**

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से बुधवार को केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री निवास पर सौजन्य भेंट की।

## बंगाल चुनाव में बंपर वोटिंग

# दोपहर एक बजे तक 61.11% हुई वोटिंग

### कुछ क्षेत्रों में ईवीएम से छेड़छाड़, मारपीट, झड़प और नारेबाजी की घटनाएं हुई

**बंगाल ■ एजेंसी**

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में 142 सीटों पर सुबह 7 बजे से वोटिंग बंपर वोटिंग हो रही है। चुनाव आयोग से मिली जानकारी के मुताबिक पश्चिम बंगाल में सेकेंड फेज की 142 सीटों पर वोटिंग हो रही है। दोपहर एक बजे तक 61.11% वोटिंग हो चुकी है। वोटिंग के दौरान कई विधानसभा क्षेत्रों से ईवीएम से छेड़छाड़, मारपीट, झड़प और नारेबाजी की घटनाएं हुई हैं।

बंगाल बंपर मतदान के बीच बवाल और आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला भी जारी है। साउथ 24 परगना जिले में बीजेपी उम्मीदवार विकास सरदार की कार पर हमला हुआ है। बसंती विधानसभा सीट से बीजेपी उम्मीदवार बिकाश सरदार ने आरोप लगाया कि उनकी कार पर टीएमसी कार्यकर्ताओं ने हमला किया है और उसके शीशे तोड़ दिए। वहीं बंगाल में दूसरे चरण की वोटिंग के दौरान हिंसा और बमबाजी रोकने के लिए ह्रद्ध की तैनाती गई है।

वहीं अब सीएम ममता बनर्जी के भतीजे और सांसद अभिषेक बनर्जी के गढ़ माने जाने वाले इलाके में तृणमूल कांग्रेस पर चुनाव में धांधली के आरोप लगा है। डायमंड हार्बर क्षेत्र के फलता में कई पोलिंग बूथों पर श्वङ्करू में बीजेपी के बटन पर टेप चिपका दिया गया है, ताकि लोग उन्हें वोट न दे सकें।

### ईवीएम में बीजेपी के बटन पर चिपकाया टेप ईसी बोला- हो सकता है दोबारा मतदान



### बीजेपी ने की दोबारा वोटिंग की मांग

बीजेपी के मीडिया प्रभारी अमित मालवीय ने फाल्टा के उन सभी प्रभावित बूथों पर दोबारा मतदान की मांग की है, जहां इस तरह की कथित तौर पर चुनावी धांधली हुई है।

फाल्टा 144, पार्ट 170, रूम नंबर 2 - हरिणडांगा हाई स्कूल, बूथ 189 पर भी कई अन्य बूथों के साथ इसी तरह से हमला किया गया है।

---

**कथित शराब घोटाले में बढ़ा विवाद**

## दुर्गेश पाठक ने भी जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा की अदालत का किया बहिष्कार



**नई दिल्ली, एजेंसी।** आम आदमी पार्टी से जुड़े कथित शराब घोटाले मामले में पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल द्वारा जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा की अदालत का बहिष्कार किए जाने के बाद अब अन्य आरोपी भी इसी रुख पर चलते दिख रहे हैं। पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के बाद अब आप नेता दुर्गेश पाठक ने भी जस्टिस शर्मा के खिलाफ तथाकथित 'लेटर नंबर-3' लिखते हुए उनकी अदालत में पेश न होने की बात कही है। दुर्गेश पाठक ने भी केजरीवाल और सिसोदिया की तरह अदालत पर सवाल उठाते हुए वहां न जाने का निर्णय जताया है। जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा, जो दिल्ली उच्च न्यायालय की जज हैं, इस मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो की याचिका पर सुनवाई कर रही हैं। इससे पहले, फरवरी के अंत में ट्रायल कोर्ट ने अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया समेत सभी 23 आरोपियों को आरोपमुक्त कर दिया था। ट्रायल कोर्ट ने अपने फैसले में जांच एजेंसी की कार्यप्रणाली पर कड़ी टिप्पणी करते हुए जांच अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश भी दिए थे।

**उड़ता तीर**




## अंतर्मना उवाच

***जीवन में आपसी तालमेल कैसे बनाकर चलें-? इसके लिए एक सूत्र याद रखो - जहाँ तर्क है, वहाँ नर्क है और जहाँ समर्पण है, वहाँ स्वर्ग है..!***



परतापुर, जिला- बांसवाड़ा (राजस्थान) खुले आसमान में भरी दोपहर के 12:30 बजे, 45 डिग्री तापमान में, तपस्वी सम्राट, अंतर्मना आचार्य श्री 108 प्रसन्न सागरजी महाराज सामायिक करते हुए। सूरज की तपिश से धरती तप रही है, पर उनकी साधना अडिग है। न छाँव, न आसन, केवल आत्म-लीनता। पसीने की बूंदें भी मानो तप का अभिषेक कर रही हो...

*श्रद्धा उत्सव है - समर्पण महोत्सव है। समर्पण से जीवन संवरता है।* ***समर्पण दुश्मनी को दोस्ती में बदल देता है और अहंकार में अपने भी पराये लगने लगते हैं।*** *इसलिए यदि तुम अपने घर को स्वर्ग बनाना चाहते हो, तो पति-पत्नी, बाप-बेटे, भाई-बहन, सास-बहू, जेठानी-देवरानी, सभी को आपस में कुछ न कुछ समझौता करना ही पड़ेगा।* ***जब एक आग बने, तो दूसरा पानी बन जाए, या कुछ समय के लिए स्थान छोड़ दे। यह जीवन के लिए अमृत वाक्य है।***

***ध्यान रखना..!*** *समय अच्छा होता है तो आपकी गलती भी मज़ाक लगती है, और जब समय खराब होता है तो मज़ाक भी गलती बन जाता है। इसलिए -*

***कुछ हँसकर बोल दो, कुछ मुस्कुराकर टाल दो। परेशानियाँ तो बहुत हैं इस जीवन में, कुछ ऊपरवाले पर, कुछ वक्त पर छोड़ दो...!!!***

■ **अंतर्मना आचार्य श्री प्रसन्न सागर जी महाराज**

---



## पीएम मोदी ने काशी विश्वनाथ के किये दर्शन

### हर-हर महादेव... लोकमंगल की कामना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय यूपी दौरे पर हैं। पीएम मोदी ने अपने एक्स हैंडल पर तस्वीर शेयर करते हुए लिखा कि हर हर महादेव ! काशी में बाबा विश्वनाथ मंदिर में दर्शन और पूजन का सौभाग्य मिला। यहां भगवान भोलेनाथ से समस्त देशवासियों के लिए सुख-समृद्धि और आरोग्यपूर्ण जीवन की कामना की। माँ अन्नपूर्णा एवं माँ गंगा के दर्शन से असीम शांति मिली। उनकी कृपा से हर किसी में सकारात्मक ऊर्जा का संचार हो ! काशी की जनता को पुन: नमन।

### *प्रधानमंत्री मोदी ने गंगा एक्सप्रेसवे का किया उद्घाटन*

# 'यूपी के विकास की नई लाइफलाइन बनेगा...'

**वाराणसी ■ एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरदोई में 594 किमी लंबे एक्सेस-कंट्रोल्ड ग्रीनफील्ड गंगा एक्सप्रेसवे का उद्घाटन किया। लगभग 36,230 करोड़ की कुल लागत से बने गंगा एक्सप्रेसवे से मेरठ और प्रयागराज के बीच यात्रा का समय अभी के 10-12 घंटे से घटकर लगभग 6 घंटे होने की उम्मीद है। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मैं मानता हूं कि उत्तर प्रदेश को एक्सप्रेस वे का ये वरदान ये भी मां गंगा का ही आशीर्वाद है। अब आप कुछ ही घंटों में संगम भी पहुंच सकते हैं, और काशी में बाबा के दर्शन करके भी वापस आ सकते हैं। गंगा एक्सप्रेस-वे न केवल यूपी के आर्थिक विकास का ग्रोथ इंजन बनेगा बल्कि यह यूपी की लाइफ लाइन भी बनेगा। गांव, किसान, उद्यम और युवाओं को जोड़ने वाली यह 'जीवन रेखा' अवसरों को दूरी से मुक्त करेगी और विकास को गति देगी।



पीएम मोदी ने इस दौरान जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि ये भी अद्भुत संयोग है कि पिछले चार-पांच दिनों में मैं मां गंगा के सानिध्य में रहा हूं। 24 अप्रैल को जब मैं बंगाल में था, तब मां गंगा के दर्शन किए और कल तो मैं काशी में था और आज सुबह ही फिर विश्वनाथ जी, मां अन्नपूर्णा और मां गंगा का दर्शन करने का सौभाग्य मिला था और अब मां गंगा के नाम से बने इस एक्सप्रेसवे का उद्घाटन करने का मौका मिला।

### गंगा हजारों वर्षों से यूपी की जीवन रेखा

इसमें हमारा विकास का विजन भी झलकता है और संस्कृति का दर्शन होता है। जैसे मां गंगा हजारों वर्षों से उत्तर प्रदेश और इस देश की जीवन रेखा रही है वैसे ही आधुनिक प्रगति के इस दौर में उनके समीप से गुजरता ये एक्सप्रेस वे क्क के विकास की नई लाइफलाइन बनेगा।

इसमें विकास का हमारा विजन भी झलकता है और हमारी विरासत के भी दर्शन होते हैं। मैं यूपी के करोड़ों लोगों को गंगा एक्सप्रेस-वे की बधाई देता हूं।

---

## ट्रंप: ईरान टूटने की स्थिति में नाकेबंदी हटाने को गिड़गिड़ाया




**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि ईरान गंभीर पतन की स्थिति में है और उसने अमेरिका से अपने बंदरगाहों पर लगी रोक जल्द हटाने की मांग की है। दूसरी ओर, संयुक्त अरब अमीरात ने लगभग 60 साल बाद ओपेक छोड़ने का फैसला किया है, जो वैश्विक तेल बाजार के लिए बड़ा बदलाव माना जा रहा है।

ईरान-अमेरिका युद्ध में अब मामला वार्ता पर आकर रुका हुआ है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर से कहा है कि ईरान टूटने की स्थिति में है और उसने वॉशिंगटन से अपने बंदरगाहों पर लगी नाकेबंदी जल्द हटाने की मांग की है। ट्रंप ने यह बात अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कही लेकिन इस पर कोई विस्तृत जानकारी नहीं दी। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि ईरान की नेतृत्व व्यवस्था में अंदरूनी मतभेद हैं और यह साफ नहीं है कि वहां असल में फैसला कौन ले रहा है।

### ईरान पर दबाव बना रहे हैं ट्रंप

विशेषज्ञों का मानना है कि यह बयान ईरान पर दबाव बनाने की रणनीति का हिस्सा हो सकता है, ताकि उसे अमेरिका की शर्तों पर बातचीत के लिए तैयार किया जा सके। ट्रंप ने यह भी कहा कि ईरान लंबे समय से स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को खोलना चाहता है, लेकिन अमेरिका के लिए सबसे बड़ा मुद्दा अभी भी ईरान की परमाणु क्षमता है। सूत्रों के मुताबिक ईरान ने हाल ही में एक प्रस्ताव भेजा है, जिसमें पहले होर्मुज जलडमरूमध्य खोलने और बाद में परमाणु मुद्दे पर बातचीत करने की बात कही गई है।

### इजरायल-लेबनान के बीच युद्धविराम के बाद भी लड़ाई

इधर, लेबनान के दक्षिणी हिस्से में हालात तनावपूर्ण बने हुए हैं। युद्धविराम के बावजूद इज़राइली सेना लगातार हवाई हमले कर रही है। कई हमले उस इलाके से भी आगे किए गए हैं, जिसे इजराइल येलो लाइन कहता है। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार एक हमले में पांच लोगों की मौत हो गई, जिनमें तीन सिविल डिफेंस के कर्मचारी थे। इस घटना में लेबनानी सेना के दो जवान भी घायल हुए हैं। लेबनान के प्रधानमंत्री ने इस हमले की निंदा करते हुए इसे युद्ध अपराध बताया है।

---

**दिल्ली हाई कोर्ट सख्त**

## सराय काले खां में ठेला लगाने पर रोक बरकरार, ट्रैफिक जाम पर जताई चिंता

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

दिल्ली में अतिक्रमण और ट्रैफिक जाम के मुद्दे पर दिल्ली हाई कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। सराय काले खां, रिंग रोड पर ठेला लगाने की अनुमति मांगने वाले एक लाइसेंसधारी विक्रेता को अदालत से राहत नहीं मिली। याचिकाकर्ता ने अदालत में गुहार लगाई थी कि एमसीडी ने उसका ठेला हटा लिया है और उसका सामान वापस दिलाने के साथ ही दोबारा उसी स्थान पर ठेला लगाने की अनुमति दी जाए।

मामले की सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट ने सराय काले खां स्थित रिंग रोड पर लगातार लगने वाले जाम को गंभीर समस्या बताया। अदालत ने कहा कि इस इलाके में लंबे समय से ट्रैफिक बाधित हो रहा है, जिसके पीछे अवैध रूप से खड़े वाहनों और बड़ी संख्या में मोबाइल विक्रेताओं की भी भूमिका है। कोर्ट ने साफ किया कि ऐसे हालात में वहां दोबारा ठेला लगाने की अनुमति नहीं दी जा सकती। अदालत ने कहा कि इस इलाके में लगातार लगने वाला जाम गंभीर

## बड़े घरों की महिलाएं भी पीती हैं शराब, बच्चों को क्या हलवा संस्कार देंगी: शास्त्री

**भोपाल।** पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा, 'आजकल पुरुषों की तो छोड़ो, हमने तो सुना कि बड़े घरानों की माताएं भी पी (शराब) रही हैं. राम, राम, राम, राम, बजरंगबली बचाएं. हे माताओं जय हो तुम्हारी. जय हो. अब बताओ जब, माताएं ही विचित्र संस्कार वाली हो जाएंगी, तो बच्चों को क्या हलवा संस्कार देंगी.' मध्य प्रदेश के छतरपुर में स्थित बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री हमेशा अपने बयानों को लेकर सुर्खियों में बने रहते हैं. एक बार फिर वह अपने बयान की वजह से विवादों में नजर आ रहे हैं. इस बार उन्होंने महिलाओं पर बयान दिया है. एक कथा के दौरान उन्होंने कहा कि बड़े घरों की महिलाएं भी शराब पीती हैं. जब वे खुद शराब पी रही हैं, तो वे बच्चों को क्या संस्कार देंगी. उनके बच्चे रोएंगे, तो वे बच्चों को भी शराब पिलाकर सुला देंगी.

**92 साल है उम्र**

## 76 साल बाद हाईस्कूल सर्टिफिकेट लेने पहुंचे सपा विधायक आलम बदी आजमी

**गोरखपुर ■ एजेंसी**

76 साल बाद विधायक सर्टिफिकेट लेने पहुंचे तो उनके सम्मान में कार्यक्रम को भव्यता दी गई। विधायक के हाथों ही टॉपरों को सम्मानित कराया गया। जनाब आलम बदी आजमी प्रदेश के वयोवृद्ध विधायकों में शुमार हैं

आजमगढ़ के निजामाबाद विधानसभा क्षेत्र से पांच बार के सपा विधायक जनाब आलम बदी आजमी 76 वर्ष के अंतराल के बाद हाईस्कूल का सर्टिफिकेट लेने गोरखपुर पहुंचे। उन्होंले बक्शीपुर के इस्लामिया इंटर कॉलेज से वर्ष



1950 में हाईस्कूल की परीक्षा उत्तीर्ण की थी। इस दौरान उन्होंने स्कूल के टॉपरों को सम्मानित भी किया। लंबे अंतराल के बाद कॉलेज पहुंचे विधायक, कॉलेज की बिल्डिंग की दीवारों और कक्षाओं को देखकर भावुक हो गए।

जनाब आलम बदी आजमी (92) प्रदेश के वयोवृद्ध विधायकों में शुमार हैं। वह पांच बार विधानसभा में पहुंच चुके हैं। स्कूटर से या पैदल चलने के चलते उनकी सादगी सुर्खियों में रहती है। विधायक के पिता वदीउज्जमा आजमी इस्लामिया कॉलेज में गेम टीचर थे। वह परिसर में ही रहते थे, लिहाजा विधायक की कक्षा चार से इंटरमीडिएट तक की शिक्षा इस्लामिया से हुई। इसके बाद उन्होंने मैकेनिकल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा की पढ़ाई की। जनाब आलम बदी आजमी (92) प्रदेश के वयोवृद्ध विधायकों में शुमार हैं। वह पांच बार विधानसभा में पहुंच चुके हैं।

---

**दतिया की शून्य विधानसभा सीट -**

# *भारती को मिली नई तारीख, अब चुनाव आयोग पर नजर*

**भोपाल ■ जगत शर्मा**

*इसी महीने की 2 तारीख को दिल्ली की एमपी एमएलए कोर्ट ने दतिया के निवर्तमान विधायक राजेंद्र भारती को 25 साल पुराने बैंक धोखाधड़ी के एक मामले में दोषी मानते हुए तीन अलग-अलग धाराओं में तीन-तीन वर्ष और 2 वर्ष की सजा सुनाई। इसके बाद मध्य प्रदेश विधानसभा के महासचिव अरविंद शर्मा ने विधानसभा अध्यक्ष की अनुमति से उनकी विधायकी समाप्त कर दी। इसके बाद पूर्व विधायक राजेंद्र भारती इस मामले को लेकर दिल्ली हाई कोर्ट पहुंचे जहां पर 15 अप्रैल को सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने अगली तारीख 28 अप्रैल निश्चित की थी। 28 अप्रैल को सुनवाई करते हुए दिल्ली हाईकोर्ट ने सुनवाई की अगली की तारीख 29 जुलाई निश्चित की है।*



*हाईकोर्ट से नई तारीख मिलने के बाद अब यह कयास लगाए जा रहे हैं ,कि चुनाव आयोग स्वयं संज्ञान लेते हुए अब दतिया विधानसभा सीट पर उपचुनाव की घोषणा कर सकता है, क्योंकि अगली सुनवाई तक दतिया विधानसभा सीट बिना विधायक के लगभग 4 महीने तक खाली रहेगी। राजनीतिक जानकारों की माने तो अब चुनाव आयोग को ही उपचुनाव को लेकर फैसला करना है।*

### *दिल्ली हाईकोर्ट से राजेंद्र भारती को नहीं मिली राहत*

*पूर्व विधायक राजेंद्र भारती अपने मामले को मध्य प्रदेश के एमपी एमएलए कोर्ट से ट्रांसफर करा कर दिल्ली के एमपी एमएलए कोर्ट में ले गए थे, जहां पर उन्हें बैंक में धोखाधड़ी मामले में 3 साल की सजा हुई। इसके बाद उन्होंने सजा के विरोध में दिल्ली हाईकोर्ट में अपील की लेकिन लगातार दो सुनवाईयों में उन्हें कोई भी राहत हाई कोर्ट की तरफ से नहीं मिली है। जबकि संवैधानिक रूप से कोई विधानसभा सीट जब शून्य घोषित होती है, तो 6 माह के अंदर वहां पर विधायक का निर्वाचन आवश्यक है। इसलिए आज से देखा जाए तो अगली सुनवाई तक 4 महीने व्यतीत हो जाएंगे और चुनाव आयोग को वहां नए चुनाव कराने होंगे।*

### कांग्रेस और भाजपा दोनों चुनावी तैयारी में जुटी

वहीं अगर दतिया विधानसभा में चल रही राजनीतिक गतिविधियों की बात करें ,तो कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी दोनों ही चुनावी तैयारी में जुट गई है। जहां एक तरफ कांग्रेस की ओर से पूर्व विधायक घनश्याम सिंह वरिष्ठ नेता अवधेश नायक,कांग्रेस जिला अध्यक्ष अशोक दांगी बगदा और पूर्व विधायक राजेंद्र भारती के सुपुत्र अनुज भारती का नाम प्रत्याशियों की हैसियत से चर्चा में बना हुआ है, तो वहीं दूसरी तरफ भारतीय जनता पार्टी की तरफ से पूर्व गृहमंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा भी लगातार और अधिक सक्रिय हो चुके हैं । डॉ नरोत्तम मिश्रा अब कार्यक्रमों के माध्यम से चुनावी तैयारी भी करने लगे हैं। अब देखना यह होगा कि चुनाव आयोग कब दतिया विधानसभा सीट पर चुनाव कार्यक्रम की घोषणा करता है।

**दिग्विजय सिंह का भाजपा पर तीखा प्रहार**

## आप से भाजपा में गए सांसदों का होगा सत्यानाश

**सीहोर ■ अमृत दर्शन**

राज्यसभा सांसद और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने सीहोर प्रवास के दौरान भाजपा और पाला बदलने वाले नेताओं पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने विशेष रूप से आम आदमी पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल हुए सांसदों को लेकर कड़ी टिप्पणी की।

दिग्विजय सिंह ने तीखे लहजे में कहा कि आम आदमी पार्टी के जो सांसद अपनी निष्ठा बदलकर भारतीय जनता पार्टी में गए हैं, उनका 'सत्यानाश' हो जाएगा। उन्होंने दलबदल की राजनीति को लेकर अपनी नाराजगी स्पष्ट रूप से जाहिर की। महिला आरक्षण बिल के मुद्दे पर दिग्विजय सिंह ने केंद्र सरकार की मंशा पर गंभीर सवाल उठाए। सिंह ने आरोप लगाया कि महिला आरक्षण को लेकर भाजपा की नीयत साफ नहीं है और इस मुद्दे पर लगातार 'झूठ' बोला जा रहा है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार वास्तव में गंभीर है, तो इसे भविष्य के बजाय तत्काल प्रभाव से लागू किया जाना चाहिए।

